हरिभूमि
# सरगुजा-भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज



## खबर संक्षेप

### चिरागदीप ने केंद्रीय विद्यालय में हासिल किया प्रथम स्थान



**अम्बिकापुर।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र चिरागदीप ने सीबीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षा में 91 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। चिरागदीप की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार और परिजन में हर्ष का माहौल है। चिरागदीप के पिता रंजन सोनी और माता आरती सोनी ने बताया कि बेटे ने सेल्फ स्टडी और स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया। चिरागदीप ने बताया की वो रोज सुबह 5 बजे उठकर 2 घंटे पढ़ाई करते थे और स्कूल से आने के बाद भी 4-5 घंटे सेल्फ स्टडी साल भर जारी रही। एनसीईआरटी को बेस बनाया और हर सप्ताह रिवीजन का टाइम टेबल फॉलो किया। विद्यालय के प्राचार्य का कहना है कि चिरागदीप शुरू से ही अनुशासित और जिज्ञासु छात्र रहा है क्लास में हमेशा सवाल पूछता था डाउट क्लियर करने में सबसे आगे रहता था उसकी यह सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा है। चिरागदीप अब जेईई एडवांस की तैयारी में जुट गया है। उनका सपना आईआईटी के जरिये इंजीनियर बन एक सफल व्यक्ति बन देश की सेवा कर करना है।

### तबीयत बिगड़ने से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** तबीयत खराब होने से गंभीर हुए ग्रामीण की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। कुनकुरी अंतर्गत ग्राम ढोढ़ी डांड़ निवासी भानु प्रसाद चौहान आ. दादर राम (47 वर्ष) 7 मई को अचानक तबीयत बिगड़ने लगा। परिजन भानु प्रसाद की हालत गंभीर होने पर कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने ग्रामीण की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां गत दिन उपचार के दौरान ग्रामीण की मौत हो गई। ग्रामीण की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### निर्माण पूर्ण होने के बाद भी शौचालय में लटका ताला

# सामुदायिक शौचालय का ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ, बना शो पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकासखंड के हर पंचायत में लोगों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया। जिसमें ग्राम पंचायत करंजवार भी शामिल है। हैरानी की बात यह है कि लाखो की लागत से कराए गए सामुदायिक शौचालय के पूर्ण होने के बावजूद क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ नहीं मिल रहा है। आलम यह है कि शौचालय का निर्माण कराने के बाद से ही ताला जड़ दिया गया है जिससे लाखो की लागत से बनाई गई सामुदायिक शौचालय मात्र शो पीस बनकर रह गई है।

**खास बात**

- ग्राम पंचायत में 3 लाख 50 हजार की लागत से कराया गया है निर्माण

केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत प्रत्येक ग्राम पंचायतों में सामुयिक शौचालय का निर्माण कराया जाना है। इसी तारतम्य में जनपद पंचायत प्रतापपुर अंतर्गत सभी ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सामुदायिक शौचालय का निर्माण प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 3 लाख 50 हजार रुपए की लागत से किया गया है। हैरानी की बात है कि शौचालय का निर्माण तो करा दिया गया है परंतु शौचालय में न तो पानी का व्यवस्था है न टंकी लगाया गया है जिससे लाखों की लागत से निर्माण कराया गया शौचालय शो पीस बन कर ग्राम पंचायत की शोभा बढ़ा रही है। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत करंजवार की है जहां स्वच्छ भारत मिशन के तहत करीब 3.50 लाख रुपये की लागत से बना सामुदायिक शौचालय ग्रामीणों के लिए अब तक बेकार साबित हो रहा है। 5 जनवरी 2023 को शुरू होकर 4 जून 2024 को तैयार हुआ यह शौचालय में ताला जड़ दिया गया है। महिला और पुरुष के लिए बनाए गए दोनों कक्षों के दरवाजों पर ताले लटके हैं, जिससे ग्रामीण इसका उपयोग नहीं कर पा रहे। ग्रामीणों के मुताबिक शौचालय में पानी की व्यवस्था ही नहीं की गई। छत पर पानी की टंकी तो लगाई गई है, लेकिन उसमें पानी पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण यह सिर्फ शो-पीस बनकर रह गई है। शौचालय बनने के बाद से आज तक एक बार भी उपयोग नहीं किया गया है। शौचालय निर्माण के बाद से ही शौचालय में ताला लगा दिया गया है। ऐसे में गांव के लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गांव में सामुदायिक शौचालय होने के बावजूद लोग खुले में शौच करने को मजबूर है।



सामुदायिक एवं दिव्यांग शौचालय।

#### ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

ग्राम पंचायत करंजवार में जिस स्थान पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण किया गया है उस स्थान पर लोगों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में कई लोगों को शौचालय की जरूरत पड़ती है परंतु सामुदायिक शौचालय में ताला लगे होने के कारण लोगों को सामुदायिक शौचालय का लाभ नहीं मिल पाता और लोग खुले में जाने को मजबूर होते है। इस तरह की स्थिति विकासखंड के कई ग्राम पंचायत की है जहां सामुदायिक शौचालय में 24 घंटे ताला लटकते आसानी से देखा जा सकता है।

#### उपयोग किए बिना हो गई जर्जर

विकास खंड के कई ग्राम पंचायत ऐसे है जहां सामुदायिक शौचालय निर्माण होने के बाद से ताला लटका हुआ है। ऐसे में देखरेख व समय पर मरम्मत नहीं होने से सामुदायिक शौचालय भी पूरी तरह जर्जर होने की स्थिति में है। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी आला अधिकारी निरीक्षण के लिए आते हैं तो उन्हें सिर्फ सड़क के किनारे बने शौचालय दिखा दिया जाता है जबकि अन्य पंचायत की जमीनी हकीकत कुछ और है। ग्रामीणों की मांग है कि लाखो की लागत से बने शौचालयों की मरम्मत और देखरेख की व्यवस्था के साथ साफ-सफाई और पानी की सुविधा सुनिश्चित की जाए, ताकि लोग खुले में शौच जाने को मजबूर न हों।

#### कराई जाएगी जांच

शौचालय निर्माण पूर्ण होने के बाद शौचालय में ताला लगा दिया गया है तो इसकी जांच कराई जाएगी। शौचालय निर्माण होने के बाद बंद नहीं होनी चाहिए।पंचायत को तत्काल जवाब तलब कर व्यवस्था दुरुस्त करने निर्देश दिए जाएगें।

-अनिल तिवारी
जनपद पंचायत सीईओ



## सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु किशोरियों का एचपीवी टीकाकरण हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर में कलेक्टर रेना जमील एवं सीएमएचओ डॉ. कपिलदेव पैकरा के निर्देशन में एचपीवी टीकाकरण आरंभ किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित भगत ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन गार्डासिल 4 राज्य शासन द्वारा प्रदाय की गई है, जो कि सर्वाइकल कैंसर से रक्षा प्रदान करता है। यह टीका पूर्णत सुरक्षित है एवं अभी किशोरियों को लगाया जा रहा है, जिन्होंने अपना 14 वां जन्मदिन मना लिया है। यह टीका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर, लटोरी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अजबनगर, कल्याणपुर, बसदेई में लगाया जा रहा है। 14 एवं 15 वर्ष के बीच उम्र के किशोरियों की संख्या विकासखंड सूरजपुर में लगभग 2460 है, जिनको मितानिनों एवं आरएचओ के माध्यम से सर्वे कराकर टीका लगवाने हेतु उनके अभिभावकों से अपील की गई है,अभी तक बिश्रामपुर सीएचसी में 5 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया जा चुका है। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारी सूरजपुर से भी आवश्यक सहयोग लिया जा रहा है क्योंकि इस उम्र की सभी बच्चियां स्कूलों में अध्यनरत हैं। इसलिए वहां के शिक्षकों से इनको भेजने की एवं अभिभावक को प्रेरित करने हेतु अपील की जा रही है। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमीत भगत ने सभी अभिभावकों से अपने बच्चियों का टीकाकरण कराने की अपील की है। इस दौरान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अमित भगत, खंड कार्यक्रम प्रबंधक सुरेश वर्मा, विकासखंड टीकाकरण नोडल डीआर पैकरा,पर्यवेक्षक बेजमीन टोप्पो,मनोज रवि,बृजेन्द्र पैकरा, सीबी मैथयू, मंगेशी एक्का, सुशांत मजूमदार, सीएचओ श्रेया शेंडे, मितानिन विकासखंड समन्वयक अरुणा राजवाड़े, सुखमनिया प्रजापति व अन्य उपस्थित रहे,टीकाकरण की एंट्री ऑनलाइन यू विन पोर्टल में की जा रही है एवं डिजिटल प्रमाण पत्र प्रदाय किया जा रहा है।

### लाइफ साइंस स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों को दी गई बिदाई

**अम्बिकापुर।** श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लाइफ साईंस स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों के विदाई समारोह में श्री शिरडी साई शिक्षण समिति के सचिव अजय कुमार इंगोले ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए योग्यता के अनुसार अवसर उपलब्ध हैं, उन्हे अपनी योग्यता साबित करनी है। ज्योतिषास्त्र, खगोल, भूगोल, समाजशास्त्र की प्रत्येक कड़ी विज्ञान से जुड़ी है और इसी कड़ी में आपकी भागीदारी होने वाली है।प्राचार्य डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने कहा कि विज्ञान के विद्यार्थियों के लिए सफलता पाने के कई अवसर हैं। अब दुनिया एक गांव के रूप में बदल चुकी है और दूरियां मिट चुकी हैं। तकनीकी ने सभी को एक मंच पर ला दिया है, इसमें अपनी योग्यता साबित करना विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द तिवारी ने कहा कि आपकी सफलता हमें गौरवान्वित करती है। आप सफल हों और अपनी से सफलता से हमें अवगत करायें। आप षोधकर नया कॅरिअर अपना सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

## स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में लॉटरी पद्धति से हुआ चयन

**अम्बिकापुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय ब्रह्मपारा में आगामी शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विद्यालय के सभा कक्ष में प्रवेश प्रक्रिया को लॉटरी के माध्यम से संपन्न किया गया। प्रवेश प्रक्रिया में मुख्य अतिथि के रूप में कलेक्टर प्रतिनिधि, आयुक्त नगर निगम डीएन कश्यप व जिला शिक्षा अधिकारी के प्रतिनिधि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रदीप राय, विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी सिंह, विद्यालय के प्रवेश प्रभारी अमित कुमार अग्रवाल व समस्त स्टाफ उपस्थित थे। कक्षा पहली से कक्षा नवमी तक कुल 53 रिक्तियां थी, जिसमें कक्षा पहली में कुल 50 रिक्तियों में बीपीएल बालिका श्रेणी में 7 बीपीएल बालक श्रेणी में 6



अनारक्षित बालिका में 18 व अनारक्षित बालक में कुल 19 रिक्तियां थी। अन्य कक्षाओं में कक्षा चौथी में 1 व कक्षा सातवीं में 2 रिक्तियां थी। इनके विरुद्ध कल 272 ऑफलाइन 29 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें कुल 278 आवेदन वैध पाए गए थे। पहली कक्षा में कुल 84 प्राप्त वैध आवेदनों में लॉटरी के माध्यम से बीपीएल बालिका में 7 बीपीएल बालक में 6 अनारक्षित बालिका में 18 व अनारक्षित बालक में 19 बच्चों को प्रवेश दिया गया व बालक व बालिका दोनों श्रेणियां में 10-10 प्रतीक्षा सूची में सुरक्षित रखा गया है। इसी प्रकार कक्षा चौथी में 1 व कक्षा सातवीं में 2 विद्यार्थियों को प्रवेश देते हुए कक्षा दूसरी से कक्षा नवमी तक 5-5 प्रतीक्षा सूची में स्थान सुरक्षित रखे गए हैं। प्रवेश प्रक्रिया में बड़ी संख्या में अभिभावक व विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।



LCIT GROUP OF INSTITUTIONS | ENGINEERING I MBA I COMMERCE I SCIENCE I ARTS I LAW I PHARMACY

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार, 17 मई 2026
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



4 12 गांवों के ग्रामीण पहुंचे मिले 500 आवेदन









## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की बैठक कल

**अम्बिकापुर।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत जिला स्तरीय वन अधिकार समिति की समीक्षा बैठक 18 मई को दोपहर 3 बजे आदिवासी विकास विभाग कार्यालय में आयोजित की गई है। बैठक में वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम 2006 यथा संशोधित नियम 2012 अंतर्गत त्रुटिपूर्ण वन अधिकार पत्र मान्यता पत्रों की समीक्षा सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी।

### संस्कृति मंत्री ने किया शिव मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन



**अम्बिकापुर।** संस्कृति एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल ने नमनाकला वार्ड क्रमांक 14 सरना में प्रस्तावित शिव मंदिर निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार और धार्मिक विधि-विधान के बीच सम्पन्न हुए इस कार्यक्रम में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि भगवान शिव भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक चेतना के प्रतीक हैं। मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं होते, बल्कि समाज को जोड़ने और संस्कारों को सहेजने का कार्य भी करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार धार्मिक एवं सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण और विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपनी परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों से जुड़ी रहें। उन्होंने कहा कि नमनाकला क्षेत्र में शिव मंदिर निर्माण से श्रद्धालुओं को बेहतर धार्मिक वातावरण मिलेगा तथा क्षेत्र में आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियों को नई दिशा प्राप्त होगी। मंत्री श्री अग्रवाल ने स्थानीय नागरिकों की सहभागिता और धार्मिक आस्था की सराहना करते हुए कहा कि जनसहयोग से ऐसे निर्माण कार्य समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के जयकारों के साथ मंदिर निर्माण कार्य के शुभारंभ का स्वागत किया। भूमिपूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पालिका निगम की महापौर मंजूषा भगत सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

### आंधी बारिश से बंद हो रही सप्लाई

# चरमराई विद्युत व्यवस्था, लोगों ने किया बिजली आफिस का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

■ मेंटेनेंस के बाद भी लाइट गोल होने से नाराजगी

आंधी बारिश के कारण हो शहर में विद्युत व्यवस्था चरमरा गई है। अघोषित विद्युत कटौती से नागरिकों में खासा रोष है। विद्युत कटौती से आक्रोशित नागरिकों ने बीती रात विद्युत कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया और नारेबाजी की। इस दौरान लोगों ने अधिकारियों पर लापरवाही और मेंटेनेंस के नाम पर खानापूर्ति का आरोप लगाया।

बता दें कि इन दिनों मौसम में बदलाव होने के साथ ही आंधी बारिश का सिलसिला जारी है। इस दौरान बारिश शुरू होते ही विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित हो जाती है और कई क्षेत्रों में बारिश रुकने के बाद भी विद्युत आपूर्ती शुरू नहीं हो पा रही है। वहीं मेंटेनेंस के नाम पर दिन के समय विद्युत कटौती की ही जा रही है इसके अतिरिक्त भी दिन में कई बार विद्युत सप्लाई बंद हो जा रही है। भीषण गर्मी में सप्लाई बाधित होने से लोगों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। शुक्रवार की रात भी अचानक गरज चमक के साथ बारिश हुई और बारिश के बाद क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ती बाधित हो गई। सप्लाई बंद होने के बाद घंटों सुधार कार्य नहीं होने से लोगों का आक्रोश भड़क उठा। इस दौरान बड़ी संख्या में नागरिक मायापुर स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय पहुंच गए और रात एक बजे जमकर हंगामा मचाया और नारेबाजी की।

इस दौरान ननि पार्षद शुभम जायसवाल ने बताया कि विद्युत कटौती से लोग परेशान है। हवा चलने और हल्की बारिश के बाद भी लाईट कटौती हो जा रही है। शिकायत व जानकारी के लिए फोन लगाने पर अधिकारियों के फोन नहीं लगते इसके साथ ही टोल फ्री नम्बर पर फोन नहीं लगता है जिससे लोगों को सही जानकारी मिल सके। स्थिति इतनी खराब हो गिया है कि मेंटेनेस के नाम पर कटौती की जाती है लेकिन इसके बाद फर से हल्की बारिश से लाईट चली जाती है। जनता परेशान है और कोई भी जवाबदेह नहीं है।



विद्युत कार्यालय के बाहर लोगों की भीड़।

#### 1050 ट्रांसफार्मर में 55 हजार कनेक्शन

इधर विद्युत आपूर्ति बाधित होने और लोगों के आक्रोश को लेकर विद्युत विभाग के अधिकारियों ने भी जानकारी दी है। अधिकारियों के अनुसार 132केवी सबस्टेशन बिसुनपुर से 5 अलग अलग 33केवी फीडर अलग अलग 33केवी के 7 सबस्टेशन में आए है। 33केवी के 7 सबस्टेशन से अलग अलग 32 फीडर निकले हैं और उनसे लगभग 1050 ट्रांसफॉर्मर जुड़े हैं। उन प्रत्येक ट्रांसफॉर्मर से लगभग 15-20 पोल की एलटी लाइन निकलती है जिनसे हम सभी का कनेक्शन जुड़ा है। क्षेत्र अजीरमा से खैरबार और दरिमा से सोनपुर तक फैला है जिसमे वीआईपी के साथ ही 55 हजार आम उपभोक्ता जुड़े है। इसके कारण सामान्य स्थिति में ही बहुत ज्यादा काम होता है फिर विपरित परिस्थितियों में तो काम एक साथ कई गुना बढ़ जाता है। अधिकारियों के अनुसार मौसम ज्यादा खराब होने पर एक बार तो सभी फीडर बंद हो जाते है। जिन फीडर में खराबी नहीं आई रहती है, चालू हो जाता है और जिनमें खराबी रहती है उनको चेक करके खराबी दूर करके चालू करते हैं। अधिकारियों के अनुसार फीडर को ठीक करने के काम में समय लगता है और यह पहले से सही सही बता पाना कठिन होता है, क्योंकि सभी जगह स्टाफ एक साथ उपलब्ध नहीं रहते, बारी बारी से अटेंड करते हैं। अधिकारियों के अनुसार ऐसे में ज्यादा काल आने से व्यस्त बताना, कॉल अटेंड नहीं हो पाना या ज्यादा उपयोग से मोबाइल बंद हो जाना जैसी स्थिति बनती है।

# लिब्रा वाटर फाल में डूबने से बीएससी छात्र की मौत

■ दोस्तों के साथ गया था नहाने, हर साल होती है घटना

**अंबिकापुर।** लिब्रा वाटर फाल में डूबने से युवक की मौत हो गई। मृतक बीएससी का छात्र था और अपने दोस्तों के साथ नहाने गया हुआ था। इस दौरान गहरे पानी में जाने के कारण वह डूब गया। दोस्तों व स्थानीय लोगों की मदद से युवक को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। वहीं लिब्रा वाटर फाल में हर साल डूबने से लोगों की मौत होने के बाद भी अब तक सुरक्षा के कोई इन्ज्ताम नहीं किए गए है।



बताया जा रहा है कि बतौली के पोकसरी कूडोपहरी निवासी 20 वर्षीय इंद्रदेव पैकरा उर्फ अमन आ. संजय कुमार पैकरा अंबिकापुर में रहकर बीएससी की पढ़ाई करता था। इंद्रदेव पैकरा शनिवार को अपने दोस्तों के साथ नहाने के लिए लिब्रा वाटर फाल में गया हुआ था। सभी दोस्त वाटर फाल में नहा रहे थे इसी बीच इंद्रदेव और रोहित प्रधान गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। युवकों को डूबता देख दोस्तों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया लेकिन छटपटाने के कारण इंद्रदेव और भी गहरे पानी में चला गया और डूब गया। शोर सुनकर मौके पर मौजूद अन्य लोगों ने दोस्तों की मदद से युवक को बाहर निकाला। पानी से बाहर निकालने के बाद युवक की सांसे चल रही थी जिसके बाद उसे उपचार के लिए तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। बीएससी छात्र की मौत से परिजन सदमें में है। बड़ी बात यह है कि लिब्रा वाटर फाल में हर साल घटनाएं होती है लेकिन इस स्थान पर सुरक्षा को लेकर कोई इंतजाम नहीं किए गए है।

### पति को कहा था- किसी और को करती है पसंद, चौथी के लिए गई थी मायके, जांच में जुटी पुलिस

# शादी के दस दिन बाद नाबालिग नव विवाहिता ने कीटनाशक पीकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शादी के दस दिन बाद एक नाबालिग ने कीटनाशक पी लिया। जहर पीने से गंभीर नव विवाहिता को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। बड़ी बात यह है कि शादी के तीसरे दिन ही मृतिका ने अपने पति को बताया था कि किसी और से प्रेम करती है और उसके साथ नहीं रह सकती। चौथी के लिए अपने मायके गई नाबालिग ने आत्म हत्या कर ली। अब पुलिस द्वारा इस मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच चल रही है।

अस्पताल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के राजपुर अंतर्गत ग्राम नरसिंग पुर निवासी 17 वर्षीया नाबालिग का विवाह लटोरी के अखोराकला निवासी युवक से 5 मई को हुआ था। युवक और नाबालिग का विवाह हिन्दू रीति रिवाज से परिवार के सदस्यों ने मंदिर में कराया था। नव विवाहिता के पति के अनुसार शादी के बाद 7 मई की रात उसकी पत्नी ने बताया कि वह किसी दूसरे लकड़े को पसंद करती है और उसके साथ नहीं रह सकती। पत्नी की बातें सुनकर युवक भी हैरान हो गया। युवक के अनुसार 8 मई को उसके भाई और नानी नव विवाहिता को चौथी विदाई कराने के लिए लेने आए हुए थे और उसके बाद नाबालिग भी अपने मायके चली गई थी। 15 मई की दोपहर में ससुर ने फोन कर बताया कि उसकी पत्नी ने कीट नाशक पी लिया है और उसे उपचार के लिए राजपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजपुर अस्पताल से नव विवाहिता को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था जहां 15 मई की रात उसकी मौत हो गई। नव विवाहिता की मौत के बाद परिवार के सदस्य सदमें में है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

#### पिता को वाट्सएप पर भेजी कीटनाशक की फोटो

इधर मृतिका के पिता ने अपने बयान में पुलिस को बताया है कि 17 वर्षीया मृतिका ने हाल ही में 9वीं की परीक्षा पास की थी। इसके बाद उसने परिजन को बताया था कि वह किसी युवक को पसंद करती है लेकिन युवक समाज का नहीं होने के कारण परिवार ने बदनामी के डर से उसकी शादी समाज में ही कराने का निर्णय लिया। इस दौरान आनन-फानन में रिश्ता खोजकर उसकी शादी मंदिर में सामाजिक रीति रिवाज से कराई गई। पिता के अनुसार 15 मई को मृतिका ने कीटनाशक की फोटो खींचकर अपने पिता को वाट्सएप पर भेजी थी। इस दौरान पिता ने उसे समझाया कि वह कोई गलत कदम नही उठाए लेकिन जब तक वह घर पहुंचे नव विवाहिता ने कीट नाशक पी लिया था।

### मारपीट करने से दुखी होकर युवक ने फांसी लगाकर की थी आत्महत्या

**अम्बिकापुर।** सरगवां के पतरापारा में पिछले माह युवक द्वारा घर के समीप पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने मर्ग जांच उपरांत तीन लोगों के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है। मर्ग जांच में पता चला कि तीनों युवकों ने मृतक की मां को डीजे में नाचने के लिए कहा तो पुत्र ने विरोध करने से उसकी पिटाई कर दी। सरगवां पतरा पारा निवासी रूकचंद नागेश आ. अमरसाय नागेश (25 वर्ष) 27 अप्रैल को गांव के पण्डा नामक व्यक्ति के यहां शादी कार्यक्रम में शामिल होने गया था। जहां डीजे साउंड में गांव वाले नाचगान कर रहे थे। इसी बीच रात 1 बजे रूकचंद की मां को कबिलासों को राम प्रसाद, राजनाथ व अजीत नाचने के लिए बोलने लगे तो रूकचंद विरोध करने लगा। जिस पर तीनों ने उसके साथ जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से दुखी युवक ने तड़के घर पहुंचा और घटना की जानकारी बहन को दी जिसके बाद घर से चला गया। सुबह युवक का शव घर के समीप पेड़ में मृत हालत में पड़ा मिला। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात पूछताछ किया तो मामले का खुलासा हुआ। मामले में पुलिस ने राम प्रसाद, राजनाथ व अजीत के विरूद्ध धारा 108,3(5) के तहत अपराध दर्ज किया है।

# रेत लोड ट्रैक्टर की टक्कर से मनरेगा तकनीकी सहायक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

■ पीएम आवास के कार्यों का निरीक्षण करने निकला था, एसडीएम ने कराया अस्पताल में भर्ती



रेत लोड तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार मनरेगा तकनीकी सहायक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को एसडीएम शंकरगढ़ द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है इसके साथ ही तकनीकी सहायक की मौत के बाद लोगों में आक्रोश का माहौल है और अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन की ढिलाई को लोगों ने घटना का प्रमुख कारण बताया है।

बताया जा रहा है कि अंबिकापुर गांधीनगर निवासी 30 वर्षीय आशुतोष गुप्ता आ. अस्थीलाल गुप्ता राजपुर जनपद पंचायत में मनरेगा तकनीकी सहायक के पद पर कार्यरत थे। शुक्रवार को आशुतोष गुप्ता अपने दोपहिया मोटरसाइकिल वाहन से राजपुर ब्लॉक के ग्राम ढकवा, करजी और उधवाकठरा पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों का निरीक्षण करने जा रहे थे। इसी दौरान कुन्दीकला स्थित किसान सेवा केंद्र के पास सामने से आ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक ट्रैक्टर महान नदी से रेत लेकर सिधमा गांव की ओर जा रहा था। घटना को अंजाम देने वाला ट्रैक्टर भी सिधमा गांव का ही था। टक्कर इतनी भीषण थी कि आशुतोष गुप्ता गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना के समय रास्ते से गुजर रहे शंकरगढ़ एसडीएम अनमोल टोप्पो ने तत्काल मानवता दिखाते हुए घायल तकनीकी सहायक को अपनी गाड़ी से मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया लेकिन उपचार के दौरान चिकित्सकों ने तकनीकी सहायक को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि राजपुर क्षेत्र में अवैध रेत परिवहन करने वाले ट्रैक्टर चालक तेज गति से वाहनों को दौड़ाते हैं और रास्ते में आने वाले अन्य वाहनों को साइड तक नहीं देते। महान नदी से लगातार अवैध रेत उत्खनन और परिवहन होने के बावजूद प्रशासन की कार्रवाई केवल औपचारिक बनकर रह गई है। लोगों का आरोप है कि रेत माफियाओं के बढ़ते हौसले और प्रशासनिक उदासीनता के कारण आज एक सरकारी कर्मचारी की जान चली गई। घटना के बाद राजपुर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# पति की पिटाई से हुई महिला की मौत, आरोपी फरार

■ पति की पिटाई से मौत का मामला, हैवानियत की सारी हदें की पार


**अंबिकापुर।** पति की पिटाई से महिला की मौत के मामले में हैरान करने वाली जानकारी सामने आई है। आरोपी ने वहशी तरीके से महिला की हत्या की। सबसे बड़ी बात यह है कि मृतिका तीन माह की गर्भवती थी और हत्या के कारण पेट में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। इतना ही नहीं चिकित्सकों ने महिला के निचले हिस्से से 10 इंच लंबा लोहे एक रॉड भी निकाला है जबकि शरीर पर 17 से अधिक चोट के निशान है। फिलहाल इस मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है लेकिन आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है।



बता दें कि भिट्ठीकला निवासी 23 हीरो बाई पति प्रदीप अगरिया 14 मई की शाम घर में थी। इसी दौरान पति शराब के नशे में धुत होकर घर पहुंचा और पत्नी से विवाद करते हुए डंडे व पत्थर से उसकी बेदम पिटाई की। मारपीट से जब महिला लहू लुहान हो गई तो आरोपी ने उसे बाइक की सीट पर बिठाया और गमछे के सहारे बांधकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचा जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया था। महिला की मौत की पुष्टि होने के बाद आरोपी पति अस्पताल से फरार हो गया था। महिला के मौत की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम के लिए भेजा था और अब उसके पोस्ट मार्टम की रिपोर्ट सामने आई है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के ऑटोप्सी सर्जन डॉ. संतु बाघ ने बताया कि 23 वर्षीया महिला के शरीर पर 17 से अधिक चोट के निशान बाहरी हिस्से में मिले है जबकि अंदरूनी हिस्से में भी चोट के निशान थे। इतना ही नहीं महिला तीन माह की गर्भवती थी और महिला के साथ उस बच्चे की भी मौत हो गई। जांच के दौरान चिकित्सकों ने महिला के निचले हिस्से से 10 इंच लंबा लोहे का रॉड निकाला है। पीएम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट हो गया है कि युवक ने पत्नी के साथ हैवानियत की सारी हदें पार कर दी।







## खबर संक्षेप

### शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्क्रीन टाइम पर हुआ व्याख्यान

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में स्क्रीन टाइम टू एक्टिविटी टाइम इन टेक्निकल एजुकेशन विषय पर भाजपा राष्ट्रीय संगठन मंत्री एस. बालकृष्णन, छग राज्य संगठन मंत्री महेश साकेत, रास्ट्रीय मंत्री अनंत सोनी एवं मंत्री रोहिणी मिश्रा के आतिथ्य में ब्याख्यान आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. खरे ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में मोबाइल, लैपटॉप व अन्य स्क्रीन आधारित उपकरणों का उपयोग अनिवार्य हो गया है। यदि स्क्रीन टाइम अनियंत्रित हो, तो यह समय, ध्यान एवं उत्पादकता को प्रभावित करता है किंतु सकारात्मक दिशा में उपयोग होने पर यह विद्यार्थियों के लिए एक्टिविटी टाइम में परिवर्तित हो सकता है। अनंत सोनी ने कहा कि विद्यार्थी यदि अपने स्क्रीन टाइम का रचनात्मक उपयोग करें, तो वे उत्कृष्ट इंजीनियर बनने के साथ समाजोपयोगी तकनीकी नवाचार भी कर सकते हैं। एस. बालकृष्णन ने तकनीकी शिक्षा में समय प्रबंधन, नवाचार एवं स्टार्टअप संस्कृति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यमों का उपयोग ज्ञान, अनुसंधान एवं तकनीकी नवाचार के लिए प्रेरित किया तथा भारतीय संस्कृति, राष्ट्रभावना एवं तकनीकी शिक्षा के समन्वय पर बल दिया। महेश साकेत ने कहा कि तकनीकी शिक्षा केवल रोजगार प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का आधार है।

### नीट पेपर लीक की जांच कर दोषियों पर हो कठोर कार्रवाई : हिमांशु

**अंबिकापुर।** युवा कांग्रेस आरटीआई सेल चेयरमैन हिमांशु जायसवाल ने विज्ञप्ति जारी कर कहा कि देश की सबसे महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में शामिल नीट



परीक्षा में लगातार सामने आ रहे पेपर लीक और अनियमितताओं ने लाखों छात्रों एवं अभिभावकों का विश्वास तोड़ने का काम किया है। वर्षों की मेहनत, आर्थिक कठिनाइयों और मानसिक दबाव के बीच तैयारी करने वाले छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। छात्र एवं अभिभावक दोनों बड़े उम्मीद से अपने बच्चों को कर्ज लेकर महंगाई के दौर में बच्चे के भविष्य बनाने के लिए तैयारी के लिए भेजते है ओर सरकार उनके परिश्रम और उनके सपने के साथ मजाक बनाती जा रही है। युवा कांग्रेस मांग करती हैं कि नीट परीक्षा में हुई सभी गड़बड़ियों एवं पेपर लीक मामलों की निष्पक्ष एवं समयबद्ध सीबीआई जांच कराई जाए ताकि पूरे देश के सामने सच्चाई आ सके और किसी भी दोषी को बचने का मौका न मिले। परीक्षा माफियाओं, पेपर लीक में शामिल अधिकारियों, एजेंसियों एवं अन्य दोषियों पर कठोर कानूनी कार्रवाई करते हुए आजीवन कारावास जैसी सजा सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की हिम्मत न कर सके। इसके अतिरिक्त, इस घोटाले से मानसिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से प्रभावित छात्रों को उचित मुआवजा एवं विशेष सहायता प्रदान की जाए।

### गड़बड़ी और अविश्वसनीय व्यवस्था ने तोडा युवाओं का विश्वास

**अम्बिकापुर।** नीट पेपर लीक और छात्रों की मौत को लेकर कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव परवेज आलम गांधी ने कहा कि देश का युवा आज गहरे दर्द, निराशा और असुरक्षा के दौर से गुजर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और भर्ती-परीक्षाओं में लगातार सामने आ रही



अनियमितताओं से आहत होकर कई छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या जैसा दुखद कदम उठाया। लखीमपुर खीरी के रितिक मिश्रा, दिल्ली की 20 वर्षीय अंशिका पांडेय, राजस्थान के झुंझुनूं के प्रदीप मेघवाल तथा गोवा में रह रहे बेंगलुरु के एक छात्र की मौत ने पूरे देश को झकझोर दिया है। इन बच्चों ने डॉक्टर बनने का सपना देखा था। किसी ने परिवार की उम्मीदों के लिए अपनी खुशियां त्याग दीं, तो किसी ने वर्षों तक कठिन मेहनत की, लेकिन लगातार सामने आ रही परीक्षा संबंधी गड़बड़ियों ने युवाओं के विश्वास को तोड़ दिया है। केंद्र सरकार को इस विषय पर गंभीरता से सामने आना चाहिए। अब तो दिल्ली मेडिकल एसोसिएशन द्वारा भी केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर चिंता व्यक्त की गई है।

### ग्रामीण की टांगी से वारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

वाड्रफनगर। सब्जी बेचकर वापस लौट रहे ग्रामीण की पीछे से टांगी मारकर हत्या करने के मामले में पुलिस ने सफलता हासिल की है। हत्या के बाद जंगल में छिपे हुए आरोपी को पुलिस ने घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पत्नी की चरित्र शंका को लेकर ग्रामीण पर हमला किया था। रघुनाथनगर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम बगईनार निवासी 50 वर्षीय राम प्रसाद सिंह आ. राम किशुन सिंह सब्जी बेचने का काम करता था और 13 मई को वह सब्जी लेकर जनकपुर साप्ताहिक बजार गया हुआ था। साप्ताहिक बाजार से वापस लौटते समय रात 9 से 10 बजे के बीच जनकपुर निवासी बंधू सिंह ने राम प्रसाद सिंह पर पीछे से गर्दन पर टांगी से हमला कर दिया था।

### कांग्रेस ने सभी 15 वार्डों के पार्षद पद हेतु भी प्रत्याशी किए घोषित

# शिवनंदनपुर नपं चुनाव : अध्यक्ष पद हेतु भाजपा से रितेश एवं कांग्रेस से संजय अधिकृत प्रत्याशी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नवगठित नगर पंचायत शिवनंदनपुर में आगामी एक जून को होने वाले चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है।

**खास बात**
- नवगठित नगर पंचायत में होना है चुनाव, सरगर्मी बढ़ी

भाजपा ने अध्यक्ष पद हेतु रितेश जायसवाल को अपना अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है, जबकि कांग्रेस ने संजय सोनी को अध्यक्ष पद का उम्मीदवार बनाया है,कांग्रेस ने इसके साथ ही सभी 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों की सूची भी जारी कर दी है।

भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ नवीन मार्कण्डेय द्वारा शनिवार 16 मई को जारी सूची में शिवनंदनपुर नगर पंचायत के लिए रितेश जायसवाल के नाम की घोषणा की गई,वहीं बम्हनीडीह नगर पंचायत से रमेश कुमार डडसेना को भाजपा का अध्यक्ष प्रत्याशी बनाया गया है।दूसरी तरफ कांग्रेस ने भी शिवनन्दनपुर अध्यक्ष पद के साथ-साथ सभी वार्डों में अपने पार्षद उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुनावी रणनीति स्पष्ट कर दी है,कांग्रेस की सूची प्रभारी महामंत्री





संगठन कांग्रेस मलकीत सिंह गैदू के हस्ताक्षर से जारी की गई है। कांग्रेस द्वारा घोषित पार्षद प्रत्याशियों में वार्ड क्रमांक 1 महावीर वार्ड से अधिवक्ता राजेंद्र यादव, वार्ड 2 श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड से श्रीमती आंचल यादव, वार्ड 3 अग्रसेन वार्ड से अंशुल गोयल, वार्ड 4 बिरसा मुंडा वार्ड से श्रीमती विनेश्वरी, वार्ड 5 महाराणा प्रताप वार्ड से श्रीमती विमला देवी, वार्ड 6 शहीद वीर नारायण सिंह वार्ड से विजेंद्र सिंह, वार्ड 7 डॉ. अब्दुल कलाम आजाद वार्ड से श्रीमती शमा परवीन, वार्ड 8 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड से हर्ष दनोदिया, वार्ड 9 स्वामी विवेकानंद वार्ड से संतोष जायसवाल, वार्ड 10 शहीद भगत सिंह वार्ड से राजेश जायसवाल, वार्ड 11 डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड से चंदन कुमार सिंह, वार्ड 12 गुरु घासीदास वार्ड से राजकुमार सिंह, वार्ड 13 डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड से अहमद वाहिद, वार्ड 14 पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से श्रीमती आशा साहू तथा वार्ड 15 गुरुनानक वार्ड से सन्नी अग्रवाल को प्रत्याशी बनाया गया है। नगर पंचायत चुनाव में अब महज पखवाड़े भर का समय शेष है और नामांकन प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। प्रत्याशियों के चयन को लेकर दोनों दलों में चुनाव की घोषणा के साथ ही मंथन चल रहा था। भाजपा ने युवा नेता रितेश जायसवाल के नाम पर अपनी मुहर लगाई है, जबकि कांग्रेस ने एक साथ अध्यक्ष और सभी वार्डों के प्रत्याशियों की सूची जारी कर संगठनात्मक तैयारी का संकेत दिया है। भाजपा नेताओं का कहना है कि हाल ही में पांच राज्यों में हुए चुनाव, विशेषकर बंगाल में पार्टी की सफलता से कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है और पार्टी इस चुनाव में बेहतर प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है। वहीं कांग्रेस भी जिला अध्यक्ष शशि सिंह के नेतृत्व में पूरी ताकत के साथ चुनावी मैदान में उतरने की तैयारी में है। कैबिनेट मंत्री के गृह मंडल माने जाने वाले शिवनंदनपुर नगर पंचायत का चुनाव इस बार प्रतिष्ठा का विषय बन गया है।

भाजपा और कांग्रेस दोनों ही दलों ने चुनाव प्रचार तेज कर दिया है। दो युवा अध्यक्ष प्रत्याशियों रितेश जायसवाल और संजय सोनी के बीच मुकाबला रोचक होने की संभावना जताई जा रही है। कांग्रेस तेज तर्रार नेत्री जिला अध्यक्ष शशि सिंह की अगुवाई में यह पहला चुनाव होगा जो उनके लिए भी परीक्षा जैसी स्थिति होगी। यहां आगामी एक जून को मतदान चार जून को मतगणना की तिथि निर्धारित है। कांग्रेस और भाजपा दोनों प्रमुख दलों ने अध्यक्ष पद हेतु युवाओं पर भरोसा जता चुनावी माहौल को रोचक बना दिया है। नामांकन के अंतिम दिवस दूसरी छोटी पार्टियों और निर्दलीय प्रत्याशी क्या कुछ करेंगे इस पर सबकी निगाहें टिकी हुई हैं।



## राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन शिविर पखवाड़ा में लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

कलेक्टर एवं सीएमएचओ डॉ. कपिल देव पैकरा, जिला क्षय अधिकारी डॉ. राजेश पैकरा के निर्देशन एवं खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ.. अजीत कुमार दीवान के मार्गदर्शन में आयोजित राष्ट्रीय क्षय उन्मुलन कार्यक्रम के अन्तर्गत टीबी मुक्त 100 दिवसीय अभियान के दूसरे चरण का शुभारंभ 24 मार्च से ब्लॉक प्रतापपुर मे जनप्रतिनिधियों के भागीदारी से शुरू किया गया है। इसका उद्देश्य उच्च जोखिम व्यक्तियों की स्क्रीनिंग कर टीबी के समस्त छुटे हुए मरीजों की पुष्टि कर डॉट्स पद्धति से 6 माह तक को उपचार देना है। मितानीन द्वारा घर-घर जाकर 105 संदेहास्पद अनुसार सेम्टोमेटिक स्क्रीनिंग करना एवं उच्च जोखिम व्यक्तियों की सूची अद्यतन करना। ब्लॉक प्रतापपुर के उच्च जोखिम ग्रामों में शिविर का आयोजन 15 से 30 मई तक किया जाना है। जिसका सुभारंभ ग्राम बड़वार में 15 मई को हुआ जिसमें लेप्रा सोसाइटी द्वारा हैण्ड-हेल्ड एक्स-रे मशीन द्वारा 103 लोगों का एक्स-रे किया गया। शिविर में 50 पुरूष एवं 53 महिलाओं की जांच की गई। 16 मई को ग्राम रमकोला में 100 लागों का का एक्स-रे हुआ जिसमें 51 पुरुषों और 49 महिलाएं शामिल है। शिविर में आए हितग्राहियों को नियमित जांच, नियमित फॉलोअप, पोषण आहार एवं संक्रामक बीमारियों से बचाव हेतु संबंधी जानकारी दी गई। शिविर में विकास पटेल, सतीश श्रीवास्तव, राजेश वर्मा, एचएम अंसारी, चिरंजीव कुमार सिन्हा, राम बिलास, शशीकांत पैकरा, शांति कुजुर, संध्या सिंह,करमेला कुजूर, अख्तरून निशा, जसवंती, भलेरिया लकडा, उर्मिला पटेल, ननेश्वर सिंह, विकास सिंह, श्यायाम देव कुमार, सत्यानारायण सिंह, राधा सक्रिय रहे।

## जिला पुनर्वास व पुनर्स्थापना समिति की बैठक में खदान प्रभावित 95 भू विस्थापितों को रोजगार प्रदान करने का रास्ता हुआ साफ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर तहसील अंतर्गत केतका स्थित एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र की गायत्री भूमिगत परियोजना से प्रभावित परिवारों के

- घटते क्रम में वरीयता सूची के विकल्प पर समिति की सहमति बनी
- ग्राम जोबगा, पोड़ी और गेतरा के 126 भूमि प्रभावितों को 13 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि का भुगतान होना अब भी बाकी



लिए राहत भरी खबर सामने आई है, जिला पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना समिति की बैठक में परियोजना प्रभावित भूमिस्वामियों एवं आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिससे 95 लोगों को रोजगार मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

बैठक में ग्राम जोबगा की अधिग्रहित निजी भूमि से प्रभावित परिवारों को कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभावित परिवारों को नीति के तहत निर्धारित दो विकल्पों में से किसी एक का चयन करना था, जिस पर बैठक में घटते क्रम में वरीयता सूची के विकल्प पर सहमति व्यक्त की गई। अब यह इसी निर्णय के आधार पर पात्र प्रभावितों को रोजगार उपलब्ध कराने की आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। बैठक में अधिकारियों ने जानकारी दी कि गायत्री भूमिगत परियोजना के लिए कुल 288.209 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसमें 220.784 हेक्टेयर निजी भूमि शामिल है। परियोजना से ग्राम जोबगा, गेतरा और पोड़ी के ग्रामीण प्रभावित हुए हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम जोबगा में कुल 77.69 हेक्टेयर (191.976 एकड़) भूमि का अधिग्रहण किया गया। मुआवजा निर्धारण के समय यहां 168 खातेदार दर्ज थे, जबकि अधिग्रहण तिथि के समय यह संख्या 161 रही। निजी भूमि के लिए कुल 20.17 करोड़ रुपए मुआवजा राशि निर्धारित की गई है। इसमें अब तक 42 खातेदारों को 7.09 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है, जबकि 126 खातेदारों को 13.08 करोड़ रुपए का भुगतान अभी शेष है।

समिति की बैठक में यह भी बताया गया कि कोल इंडिया पुनर्वास नीति 2012 के तहत परियोजना प्रभावितों के लिए कुल 95 रोजगार स्वीकृत हैं। समिति ने नियमानुसार प्रभावित परिवारों को लाभ दिलाने तथा पुनर्वास प्रक्रिया को शीघ्र आगे बढ़ाने पर सहमति जताई।

## समलाया युवा मोर्चा की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की उपस्थिति में हुई घोषणा

स्थानीय सर्किट हाउस अंबिकापुर में भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय का आगमन हुआ। इस दौरान भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा एवं भाजपा जिलाध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया की सहमति, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष निशांत सिंह (सोलू) तथा मंडल अध्यक्ष कमलेश तिवारी की अनुशंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल समलाया के कार्यकारिणी की घोषणा की गई।



संगठन मंत्री के साथ भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

जिसमें मंडल महामंत्री के रूप में इशू केसरवानी एवं सक्षम कश्यप को महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि युवाओं की यह नई टीम पार्टी की रीति-नीति को जन-जन तक पहुँचाने और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। आगामी कार्यक्रमों और जनहित के कार्यों में युवा मोर्चा अपनी सक्रिय भूमिका निभाएगा। घोषणा के दौरान भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष, महामंत्री द्वय अरुणा सिंह, उपाध्यक्ष मधुसूदन शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी रूपेश दुबे, मन की बात प्रभारी जन्मेजय मिश्रा,निलेश सिंह, मनोज अग्रवाल, अजय सोनी, अभिषेक सिंह देव, सर्वेश तिवारी, प्रिया सिंह, दीक्षा अग्रवाल, विकास शुक्ला, शानू कश्यप, अंशुल श्रीवास्तव, रविकांत उरांव, अनीश सिंह, अविनाश मंडल, अभिषेक सिंह (पिंटी), रवजोत सिंह, अनुराग शुक्ला, सौरभ मिश्रा, अभिषेक माथुर, आदित्य आदि उपस्थित थे।

### अत्यधिक शराब पीने से गंभीर दो लोगों की गई जान

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक शराब पीने की अलग-अलग घटनाओं में गंभीर हुए दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार ग्राम भकुरा निवासी राजकुमार तिलकदेव आ. भीम सिंह (37 वर्ष) शराब पीने का आदि था। 14 मई को गांव अत्यधिक शराब पी लिया जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन राज कुमार को गंभीर हालत में शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। इसी प्रकार दूसरी घटना में ग्राम कोल्डीहा निवासी हरीलाल आ. स्व. रामलाल लकड़ा (48 वर्ष) 14 मई को अत्यधिक शराब पीने से गंभीर हो गया। परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि हरी लाल शराब पीने का आदि था और 14 को गांव में अत्यधिक शराब पी लिया था। बहरहाल पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## दवा कारोबारी संघ का 20 को देशव्यापी बंद का आह्वान, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट (एआईओसीडी) के आह्वान पर छत्तीसगढ़ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन (सीसीडीए) ने 20 मई को प्रस्तावित एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी बंद को लेकर कलेक्टर सूरजपुर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में दवा व्यापार एवं जनस्वास्थ्य से जुड़े मुद्दों पर हस्तक्षेप कर केंद्र सरकार तक मांगें पहुंचाने आह्वान की गई है।

संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्ट एवं वितरकों का प्रतिनिधित्व करने वाली संस्था लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर आंदोलनरत है,संगठन का कहना है कि अवैध ई-फार्मेसी संचालन, बड़े कॉर्पोरेट घरानों द्वारा अनुचित मूल्य निर्धारण (प्रिडेटरी प्राइसिंग) तथा दवा वितरण प्रणाली में बढ़ते हस्तक्षेप से छोटे एवं मध्यम केमिस्टों का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है,ज्ञापन में केंद्र सरकार की अधिसूचना 28 अगस्त 2018 एवं 26 मार्च 2020 को वापस लेने की मांग की गई है। संगठन का आरोप है कि कोविड काल में जारी की गई व्यवस्थाएं अब जनस्वास्थ्य और पारंपरिक दवा वितरण प्रणाली के लिए खतरा बन रही हैं। दवा व्यापारियों ने



कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते दवा व्यवसायी।

आशंका जताई कि अनियंत्रित ई-फार्मेसी संचालन से बिना चिकित्सकीय पर्चे के दवाओं की बिक्री, एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग, नकली दवाओं की आपूर्ति और एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस (एएमआर) जैसी गंभीर समस्याएं बढ़ सकती हैं। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि फार्मासिस्ट और मरीज के प्रत्यक्ष संवाद में कमी आने से जनस्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है,संघ ने कलेक्टर से राज्य स्तर पर हस्तक्षेप कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने तथा केंद्र सरकार को उनकी मांगों के समर्थन में अनुशंसा भेजने की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी कि मांगों पर ध्यान नहीं दिए जाने की स्थिति में 20 मई को राष्ट्रव्यापी बंद किया जाएगा।कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने गए सूरजपुर औषधि विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार अग्रवाल, अंबिकेश्वर त्रिपाठी, राकेश प्रजापति, मुकेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्य व दवा कारोबारी उपस्थित थे।

सरगुजा मार्केट

आप परेशान क्यों हैं? वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 5 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 24 मई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. दीपा सिंह
M.B.B.S, DNB,
(Neuro Surgeon & Spine Surgeon)
पूर्व अपोलो अस्पताल, चेन्नई
न्यूरों (नसों) से संबंधित सभी बीमारियों के लिए
दिनाँक - 16 मई, 2026
दिन - शनिवार सुबह 11 बजे से 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

डॉ विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
दिनांक - 23 मई 2026, शनिवार, समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ भाविक शाह
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (चौथा रविवार)
डॉ संजय अग्रवाल
पेट और आंत रोग विशेषज्ञ
हर महीने के (दूसरा रविवार)
डॉ अमित मुखर्जी
स्पाइन और ब्रेन सर्जरी
हर महीने के चौथे रविवार
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका, अम्बिकापुर (जिला-सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से?
- फ्रैक्चर का आपातकालीन एवं सर्जिकल ईलाज
- उठने बैठने में तकलीफ
- जमीन पर बैठने में दिक्कत होना
- घुटनों में सूजन होना
- कंधे की ताकत कम होना
- कूल्हा एवं घुटना जोड़ प्रत्यारोपण
- सुबह जोड़ों में अकड़न होना
- चलने फिरने में दर्द
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सरगुजा संभाग के एकमात्र joint रिप्लेसमेंट सर्जन अब आपके शहर अम्बिकापुर के गायत्री हॉस्पिटल मे
डॉ. हरप्रीत सिंह छाबड़ा
MBBS, MS Ortho, FIJR
Lilavati Hospital Mumbai
Orthopedic trauma And Joint Replacement Surgeon
सुबह 11.00 बजे से 3.00 बजे तक
शाम 6.00 बजे से 8.00 बजे तक

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का कर रही प्रयास : विद्यात्री



**भैयाथान।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष विद्यात्री सिंह देव ने भाजपा पर दुष्प्रचार और अनर्गल बयानबाजी की राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि भाजपा जनता के असली मुद्दों से ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू द्वारा सोशल मीडिया में किए जा रहे दावों पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हाल ही में पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव के क्षेत्रीय दौरे के दौरान भाजपा से जुड़े अनेक कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की थी, लेकिन भाजपा इसे झूठा बताकर भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। विद्यात्री सिंहदेव ने कहा कि भाजपा मंडल अध्यक्ष को पहले आत्मचिंतन करना चाहिए और अपने मंडल की वास्तविक स्थिति का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने दावा किया कि आने वाले समय में भाजपा के और भी कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी कांग्रेस की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल होंगे। महिलाओं पर लगाए गए आरोपों को लेकर उन्होंने भाजपा नेताओं को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि यदि उनके पास किसी प्रकार का प्रमाण है तो उसे सार्वजनिक करें, अन्यथा महिलाओं के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले इस प्रकार के निराधार आरोप लगाना बंद करें। विद्यात्री सिंह देव ने कहा कि भटगांव विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे इलाके की जनता रसोई गैस की किल्लत, पेट्रोल-डीजल की कमी, लगातार बढ़ती महंगाई से परेशान है। उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी और युवाओं की लगातार उपेक्षा के कारण भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है। बड़ी संख्या में युवक-युवतियां कांग्रेस की विचारधारा, सामाजिक न्याय, रोजगार और जनहित की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि टीएस सिंहदेव के क्षेत्र भ्रमण के दौरान जनता और युवाओं ने जिस उत्साह और समर्थन के साथ कांग्रेस का स्वागत किया।

### उदयपुर महाविद्यालय में अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दी गई विदाई



**उदयपुर।** शासकीय राजकुमार धीरज सिंह महाविद्यालय में शुक्रवार को बीए, बीएससी एवं बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कनिष्ठ छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय के तत्वावधान में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष राधेश्याम सिंह ठाकुर एवं अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पांडे ने की। कार्यक्रम की शुरुआत सरगुजिहा पारंपरिक परिधान में सजे अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के स्वागत से हुई। स्वागत गीत एवं तालियों की गूंज के बीच विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। इसके बाद मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। मुख्य अतिथि राधेश्याम सिंह ठाकुर ने कहा कि महाविद्यालय जीवन युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण और भविष्य विकास का महत्वपूर्ण पड़ाव होता है। इसी परिवेश में विद्यार्थी देश-दुनिया की वास्तविक समझ विकसित करते हैं और समाज व राष्ट्र के लिए उपयोगी नागरिक बनते हैं। प्राचार्य प्रोफेसर वंदना पांडे ने कहा कि विदाई जीवन का ऐसा महत्वपूर्ण क्षण है, जो एक अध्याय के समापन के साथ नए अवसरों की शुरुआत का संकेत देता है। उन्होंने विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन और संघर्ष के मार्ग पर चलते हुए सफलता प्राप्त करने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों ने अपने कॉलेज जीवन के अनुभव साझा किए तथा भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। कनिष्ठ विद्यार्थियों ने वरिष्ठों से मिले मार्गदर्शन और सहयोग को याद करते हुए अपनी भावनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम की अंतिम कड़ी में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिनमें पारंपरिक लोकनृत्य, लोकगीत एवं स्थानीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।

### 80 फीसदी गांवों के प्लांट दो सालों से बंद

# वन एवं राजस्व ग्रामों में लगे सोलर प्लांट बने शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

घने जंगल के बीच बसे राजस्व एवं वनग्रामों में निवासरत ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के उद्देश्य से एक दशक पूर्व लगाए गए सोलर प्लांट अब शो-पीस बनकर रह गए हैं। पिछले दो सालों से 80 फीसदी प्लांट देखरेख एवं मरम्मत के अभाव में बंद हो पड़े है। जो चालू है वह भी 2-3 घंटे ही काम कर रहे हैं। सोलर प्लांट बंद होने के कारण गांवों में लम्बे समय से अंधेरा छाया है।

**खास बातें**

- ढीबरी के भरोसे ग्रामीणों की गुजर रही रातें
- बरसात में होगी भारी परेशानी

सूरजपुर जिलान्तर्गत दूरस्थ विकासखंड ओड़गी में बड़ी संख्या में गांव बीहड़ों में बसे हैं। इन गांवों में अभी भी मूलभूत सुविधाओं की भारी कमी है। वन क्षेत्र के भीतर बसाहट होने के कारण इन गांवों में न तो आवागमन की पर्याप्त सुविधा है न ही अन्य आवश्यक संसाधन ही उपलब्ध है। इन गांवों में विद्युत विस्तार सपना बना हुआ है। लम्बे अर्से तक ढीबरी के भरोसे जीवन यापन करने वाले ग्रामीणों का जीवन आसान बनाने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा इन गांवों में सोलर प्लांट के माध्यम से उजाला करने का निर्णय लिया गया तथा दो चरणों में विकासखण्ड के 104 गांवों में सोलर प्लांट स्थापित किया गया। प्रथम चरण में वर्ष 2013-14 में अधिक समस्याग्रस्त ग्रामों तथा वर्ष 2016-17 में सोलर लाइट प्लांट स्थापित किया गया साथ ही गांव-गांव में हाईमास्ट लाइट एवं प्लांट से दूर बसे परिवारों को होम लाइट की सुविधा प्रदान की गई थी। अभियान के तहत जिन गांवों को सोलर पावर से रोशन किया गया उनमें अधिकांश गांव दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के है। सोलर प्लांट लगने से इन गांवों में व्यापक बदलाव देखा गया तथा शाम ढलते ही घरों में बंद होने वाले ग्रामीण हाईमास्ट की रोशनी में देर रात तक कुछ काम में व्यस्त रहने लगे। बच्चों के जीवन में भी बदलाव आने लगा। प्रारंभ के पांच वर्षों तक सोलर सिस्टम की नियमित देखरेख भी होती रही। गारंटी पीरियड खत्म होने के बाद विभाग ने प्लांट की देखरेख बंद कर दी जिससे प्लांट में खराबी आने लगी तथा धीरे-धीरे प्लांट बंद होने लगे। हालत यह है कि वर्तमान में 80 फीसदी प्लांट पिछले दो सालों से बंद पड़े हैं। जो प्लांट ठीक हैं वे भी अब जर्जर हो गए हैं तथा 2-3 घंटे ही रोशनी दे रहे है। क्षेत्र के ग्रामीण लगातार प्लांट के बंद होने की शिकायतें कर रहे हैं लेकिन अधिकारी फंड नहीं होने का रोना रो रहे हैं तथा फंड उपलब्ध होते ही मरम्मत कराने का आश्वासन दे रहे है। इधर बरसात निकट देखकर वन्य जीवों एवं विषैले जीव-जंतुओं को लेकर ग्रामीण चिंतित हैं तथा तत्काल बंद पड़े इकाइयों को दुरुस्त कराने की मांग कर रहे हैं।



सोलर पैनल।



शिकायत करते ग्रामीण।

#### पढ़ाई से दूर हो रहे बच्चे

सोलर लाइट बंद पड़े होने के बाद स्कूली बच्चे पढ़ाई से दूर हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ढीबरी की रोशनी में बच्चे पढ़ाई नहीं कर रहे हैं तथा घरेलू काम एवं अन्य गतिविधियों में समय गुजार रहे हैं। पर्याप्त रोशनी के अभाव में बच्चों का भविष्य खराब हो रहा है। सोलर प्लांट बंद होने से ग्रामीण अपना मोबाइल तक चार्ज नहीं कर पा रहे हैं। तथा मोबाइल चार्ज करने के लिए ग्रामीणों को दूसरे गांवों का चक्कर लगाना पड़ रहा है। जंगल से सटे गांवों में बरसात के दौरान हिंसक वन्यजीवों की आवाजाही बढ़ जाती है साथ ही सांप-बिच्छू का भी प्रकोप बढ़ जाता है। बरसात पूर्व बंद सोलर इकाइयों को दुरूस्त नहीं किया गया तो ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीण इसकी समस्या का निदान विद्युत विस्तार को बता रहे हैं लेकिन वनक्षेत्र होने के कारण विद्युत विस्तार में कई चुनौतियां है। वर्षों पूर्व आदिवासी परिवारों को दिए गए होम लाइट भी खराब पड़े है।

#### 9 गांवों में मिली है विस्तार की स्वीकृति

शासन द्वारा हाल ही में चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के दूरस्थ राजस्व ग्राम रसौकी, लुल्ह, तेलाईपाट, मुण्डा, बैजनपाट, छतरंग, घुईडीह, केवरा में शासन द्वारा विद्युत विस्तार की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति मिलने के उपरांत विभाग टेंडर प्रक्रिया की तैयारियों में जुटा है। टेंडर प्रक्रिया में न्यूनतम एक महीने का समय लगने की संभावना है। ऐसे में बरसात पूर्व विद्युत विस्तार संभव नहीं है तथा सोलर प्लांट की मरम्मत नहीं हुई तो ग्रामीणों को ढीबरी के भरोसे बरसात गुजारना पड़ेगा। इनमें कई वनग्राम गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व की सीमा में हैं जहां समस्या अधिक है।

#### इन गांवों में अंधेरा

सोलर प्लांट बंद होने से दूरस्थ ग्राम उमझर रसौकी, खोहिर, रामगढ़, महुली, कोल्हुआ, चोंगा, मोहरसोप, खैरा, नवडीहा, जुड़वनिया, बसनारा, छतरंग, घुईडीह, खोड़, केसर के ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है। तीन दिन पूर्व दो साल से बंद पड़े महुली पहाड़पारा स्थित सोलर प्लांट की बैटरी से दोपहर में धुंआ के साथ आग धधकने लगी। गनीमत थी तत्काल इस पर ग्रामीणों की नजर पड़ गई अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

#### सर्वे उपरांत भेजेंगे प्रस्ताव

मैंने हाल ही में कार्यभार ग्रहण किया है। तत्काल सभी सोलर लाइट इकाइयों का सर्वे करा सुधार के लिए उच्च कार्यालय प्रस्ताव भेजा जाएगा ताकि बरसात पूर्व इकाइयों की मरम्मत की जा सके।

-सुजीत कुमार श्रीवास्तव
एई, क्रेडा सूरजपुर



ग्रामीणों की समस्या सुनते अधिकारी।

### प्रशासनिक अधिकारियों ने चिलचिलाती धूप में पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**ओड़गी।** कलेक्टर रेना जमील के निर्देशानुसार ओड़गी ब्लाक के दूरस्थ गांव भवंरखोह के पंडों बाहुल्य सेमरखाड़ पारा में चिलचिलाती धूप के बीच अधिकारियों ने आम के पेड़ के नीचे चौपाल लगाकर पंडों जनजातियों की समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना गया। जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी मनरेगा कृष्ण मोहन पाठक ने पंडों जनजातियों के समस्याओं को ध्यान पूर्वक सुना। चौपाल में पंडों जनजाति के लोगों ने पानी, राशन, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी आदि समस्याओं को उनके समक्ष रखा। पंडों जनजाति के लोगों ने बताया कि गांव भवरखोह के पंडों बाहुल्य सेमरखाड़, आमापानी व गेरूहाड़ड पारा के लोग नाला व ढोढ़ी का पानी पीने के लिए मजबूर हैं। ऐसे में उन्हें बरसात के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिला सहायक परियोजना अधिकारी से पंडों बाहुल्य पारा में पक्की कुआं का निर्माण कार्य कराने की मांग की। जिस पर अधिकारी मनरेगा कृष्ण मोहन पाठक ने इस समस्या का त्वरित निराकरण करते हुए गांव भवरखोह के पंडों बाहुल्य सेमरखाड़ , आमापानी व गेरूहाड़ड पारा में एक- एक सार्वजनिक पक्का कुआं निर्माण कार्य कराने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को एस्टीमेट तैयार कर स्वीकृत करने की घोषणा की। चौपाल के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि छूटे हुए राशन कार्ड, पेंशन आदि पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित कराया जाए। इस दौरान जनपद पंचायत ओड़गी सीईओ निलेश कुमार सोनी, मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी जनपद पंचायत ओड़गी विजय कुमार एक्का, प्रोग्रामर प्रमोद कुमार रवि, सरपंच,सचिव, रोजगार सहायक सचिव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## पंचमुखी हनुमान मंदिर जीर्णोद्धार हेतु हुआ भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बतौली विकास मंच की पहल पर ग्राम भटको स्थित प्राचीन एवं आस्था के केंद्र पंचमुखी हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य हेतु विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। वैदिक मंत्रोच्चार एवं पूजा-अर्चना के साथ मंदिर जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर विधायक श्री टोप्पो ने मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शेड निर्माण की घोषणा करते हुए कहा कि बतौली विकास मंच द्वारा सामाजिक जागरूकता, नैतिक मूल्यों के संरक्षण तथा सामूहिक भागीदारी के माध्यम से किया जा रहा यह प्रयास अत्यंत प्रेरणादायी है। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की शक्ति उसकी सामूहिक चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों में निहित होती है तथा मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं, बल्कि समाज को जोड़ने वाला केंद्र भी होता है। बतौली विकास मंच के संयोजक अशोक गुप्ता ने कहा कि मंच का उद्देश्य केवल मंदिर जीर्णोद्धार तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में नैतिक जागरूकता लाना, युवाओं को संस्कारों से जोड़ना तथा लोगों को माता-पिता के प्रति सम्मान और सेवा की भावना के लिए प्रेरित करना भी है। इस दौरान नानमणि पैकरा, अशोक गुप्ता, आशीष गुप्ता, ललिता पैंकरा, प्रवीण गर्ग, राजेश अग्रवाल, सुकून राम, गुलाब अग्रवाल, रज्जूराम, जितेश्वर पाठक, विश्वनाथ यादव, राजेंद्र पैंकरा, सुधा सिंधु, संतोष गुप्ता, दीपक गुप्ता, आयुष अग्रवाल, शशांक गुप्ता, सिद्धांत गुप्ता, जवाहर प्रधान, रीवा टोप्पो, राम प्रसाद, नितिन गुप्ता, सुमन गोयल, अलय त्रिपाठी, राजेश गुप्ता, मनीष गुप्ता,लव गुप्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।



## प्रधानमंत्री नहीं संभल रहा देशः अमरजीत

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देश से अपील और बढ़ती महंगाई को लेकर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर आज जिला कांग्रेस ने प्रेस वार्ता आयोजित की।

जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जिले के प्रभारी और पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि जहां नरेंद्र मोदी अपील करते हैं कि गैस,पेट्रोल, डीजल बचाओ, वहीं वे स्वयं और उनके मंत्री गाड़ियों के बड़े काफिले के साथ निकलते हैं। सोना नहीं खरीदने की बात करने वाले प्रधानमंत्री श्री मोदी को इस बात का आकलन करना चाहिए कि केंद्र में कांग्रेस सरकार के समय से आज सोना पचास गुना महंगा हो चुका है। श्री भगत ने बताया कि महंगाई के चलते किचन का बजट बिगड़ा हुआ है, उर्वरक नहीं मिलने से किसानों की उत्पादकता घट रही है, पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ रहे हैं, प्रधान मंत्री खुद विदेश यात्रा पर करोड़ों रुपए फूंक रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी से देश संभल नहीं रहा है और आज भारत देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजरने की स्थिति में पहुंच रहा है। प्रेस वार्ता के दौरान जिला कांग्रेस महामंत्री संजय डोसी, प्रवक्ता गिरजा शंकर मिश्रा, कांग्रेस नेता पंकज तिवारी, वेदप्रकाश मिश्रा, विमलेश दत्त तिवारी, संतोष पावले, शांतू डोसी शक्ति ठाकुर, परमेश्वर रजवाड़े, विक्की समाद्दार उपस्थित रहे।



### आरपीनगर के दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में गूंजेगा हनुमान चालीसा

**कोरबा।** आरपी नगर फेस-1 दशहरा मैदान के पास स्थित प्रसिद्ध दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में मंदिर स्थापना के 25 साल पूर्ण होने जा रहा है। भक्ति और श्रद्धा के साथ बजरंगबली की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ मंदिर की स्थापना हुई थी। पुरोहित स्व. मुक्ति नाथ झा, सीतामणी मंदिर के रामभक्त स्व. जगन्नाथ महाराज तथा छूरी के महाराज के सानिध्य में बनारस से आए 5 विद्वान पंडितों ने कमान संभाली थी।

## सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु के लिए की वट सावित्री पूजा

**अम्बिकापुर।** शहर सहित आसपास के क्षेत्रों में वट सावित्री पूजा श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने बट वृक्ष के नीचे एकत्र होकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और व्रत कथा सुनी। कई स्थानों पर सुबह से ही महिलाओं की भीड़ मंदिरों और बट वृक्षों के पास देखने को मिली।



महिलाओं ने निर्जला उपवास रखकर अपने पति की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और परिवार की खुशहाली के लिए भगवान से प्रार्थना की। पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की परिक्रमा करते हुए कच्चा धागा बांधा, फल-फूल, अक्षत, रोली, दीप और जल अर्पित किया। इसके बाद वट सावित्री व्रत की कथा सुनी। पूजा के बाद महिलाओं ने एक-दूसरे को सुहाग सामग्री भेंट कर आशीर्वाद भी दिया। शहर के कई मंदिरों, मोहल्लों और कॉलोनियों में सामूहिक रूप से यह व्रत मनाया गया। महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ पूजा में भाग लिया। दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा और बट वृक्षों के आसपास भक्ति और आस्था का वातावरण देखने को मिला। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार वट सावित्री व्रत का विशेष महत्व माना जाता है। यह व्रत ज्येष्ठ अमावस्या के दिन रखा जाता है और सुहागिन महिलाएं अपने पति की दीर्घायु और वैवाहिक सुख के लिए करती हैं। पौराणिक कथा के अनुसार सावित्री ने अपने पति सत्यवान के प्राण यमराज से वापस प्राप्त किए थे। उसी घटना की स्मृति में यह व्रत किया जाता है। मान्यता है कि बरगद का वृक्ष त्रिदेव ब्रह्मा, विष्णु और महेश का प्रतीक माना जाता है। इसलिए इसकी पूजा करने से दांपत्य जीवन में सुख, समृद्धि और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। इसी आस्था के साथ शहर में भी महिलाओं ने पूरे श्रद्धा भाव से बट सावित्री व्रत का पालन किया और परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।




## भीषण गर्मी में राहगीरों का सहारा बना वरिष्ठ नागरिक संघ, नगर के 20 स्थानों पर खोल प्याऊ

**सूरजपुर।** भीषण गर्मी और बढते तापमान को देखते हुए वरिष्ठ नागरिक संघ ने पूर्व की भांति इस वर्ष भी नगर व आसपास के प्रमुख व्यस्त मार्ग, चौराहो, कार्यालय, न्यायालय व सार्वजनिक स्थानो पर कुल 20 जगहो पर प्याऊ जल सेवा केन्द्र की शुरूआत की गई है। इन प्याऊ केन्द्रों के माध्यम से राहगीरो, पक्षकारो, मजदूरों और आम लोगों को न केवल शुद्ध एवं ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा रहा है बल्कि चिलचिलाती धूप से राहत देने व डिहाइड्रेशन से बचाने के लिए विशेष रूप से ग्लूकोज मिला ठंडा पानी भी पिलाया जा रहा है।

संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल एवं अध्यक्ष अनिल गोयल ने बताया की वरिष्ठ नागरिक संघ ने इस भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए खुद व्यवस्था की कमान संभाली है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजो के परिजन को भी प्रतिदिन सुबह निःशुल्क ताजा व पौष्टिक नाश्ता अनेक वर्षों से उपलब्ध करवा रहे है तथा निःशुल्क ग्लुकोज डाबर इण्डिया ने रजनीश अग्रवाल के एनजीओ के माध्यम से उपलब्ध करवाया है। जिला एवं सत्र न्यायालय में वरिष्ठ नागरिक संघ के लालचंद अग्रवाल, भोला प्रसाद अग्रवाल, अनिल गोयल, रोशन लाल अग्रवाल, हरिदास अग्रवाल, रामबिलास मित्तल, ज्ञानी राम अग्रवाल, आरबी शिवहरे, रितेश कुमार, विजय सोनी, अशोक गुप्ता, पवन अग्रवाल, जोखन राम साहू, प्रणव अग्रवाल, विश्वनाथ, ऋषी गर्ग, मनोहर सोनी, खेमराज, विजय रामाग्रुह उपाध्याय सक्रिय है। स्थानिय लोगों का कहना है कि उम्र के इस पडाव में भी वरिष्ठ नागरिकों द्वारा समाज के प्रति ऐसा समर्पण बेहद प्रेरणादायक है।





